| Q. No. | Total Marks | Obtained Marks |
|---|---|---|
| UNIT 1 - A | 50 | 32 |
| UNIT 1 - B | 50 | 17.5 |
| UNIT 1 - C | 20 | 7 |
| UNIT 2 - A - A | 10 | 8 |
| UNIT 2 - A - B | 2 | 2 |
| UNIT 2 - A - C | 2 | 0 |
| UNIT 2 - A - D | 2 | 1.75 |
| UNIT 2 - A - E | 2 | 2 |
| UNIT 2 - A - F | 2 | 0 |
| UNIT 2 - B - A | 10 | 5.75 |
| UNIT 2 - B - B | 10 | 7.25 |
| UNIT 2 - B - C | 10 | 4.5 |
| UNIT 2 - C | 30 | 11 |
| Total Obt. Marks in Figures | 200 | 98.75 |
| Total Obt. Marks in Words | | Ninety Eight+ ¾ |

PART - I

Paper Code

**P-4**

85254

ation of the candidate shall be
idate will be liable-
Name, Address, Roll Number,
questions.
पादि नहीं लिखें। यहाँ तक कि पत्रादि
, प्रश्नोत्तर से असंबंधित वाक्य, शब्द
ſ परीक्षा निरस्त की जाकर भविष्य में

: number of pages) then bring it
ble for that.
ं तथा उसे बदलवा लें, अन्यथा उसका

3all Point Pen before answering.
Cover Sheet (OMR sheet).
नीपूर्वक भरें। कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर.

; details have to be filled by the

यान रखें कि कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर.

marks are indicated in each unit

ूनिट एवं भाग में अंकित हैं।
sh versions of the question, the

पान्तर मान्य होगा।
uage and script, unless directed

दिए जाएँ, जब तक कि प्रश्न विशेष के

should not write answer outside

बाहर उत्तर नहीं लिखें। बॉर्डर लाइन के

iswers beyond the prescribed limit of words, failing this, marks may be deducted.
धेक नहीं लिखना चाहिए। इसका उल्लंघन करने पर अंक काटे जा सकते हैं।
on out of many and the candidate attempts more than one question then only first answer will be assessed.
कल्प दिया गया है और परीक्षार्थी द्वारा एक से अधिक प्रश्न हल किये जाते हैं तो ऐसी स्थिति में प्रथम उत्तर ही जाँचा जायेगा।
any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited.
ी भी इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।
or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her
ble to be prosecuted under **Rajasthan Public Examination (Measures for Prevention of Unfair**
ws applicable and Commission's Regulations. Commission may also debar him/her permanently from

ा है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए और
**की रोकथाम अध्युपाय) अधिनियम, 2022** तथा अन्य प्रभावी कानून एवं आयोग के नियमों-प्रावधानों के तहत कार्यवाही की
ेने वाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

candidate or any attempt is made to damage the Question-Answer Booklet or any page is removed or
entire examination shall be cancelled by the Commission, for which candidate will be liable.

या प्रश्नोत्तर पुस्तिका को किसी प्रकार की क्षति पहुँचाई जाती है अथवा कोई पृष्ठ फाड़ा जाता है या उस पर किसी प्रकार का
ो संपूर्ण परीक्षा निरस्त की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा।

## CANDIDATE PLEASE READ CAREFULLY
## अभ्यर्थी कृपया ध्यान से पढ़ें

**Please note that the following act is strictly prohibited and will be treated as unfair means. The entire examination of the candidate shall be cancelled. Also, he/she may be debarred by the Commission from all the future examinations for which the candidate will be liable-**

- **Writing any mark of identity inside the Question-Answer Booklet (including space for rough work) i.e. Name, Address, Roll Number, Mobile number etc. However in case of letter writing words like XYZ, ABC etc. can be used.**
- **Writing name of God, religious sign, irrelevant sentence, words and numbers other than the answers of the questions.**

प्रश्नोत्तर पुस्तिका (रफ कार्य के पृष्ठ सहित) के अंदर कहीं पर भी पहचान चिह्न यथा अपना नाम, पता, रोल नंबर, मोबाइल नंबर इत्यादि नहीं लिखें। यहाँ तक कि पत्रादि लेखन में भी नहीं लिखें (XYZ, ABC, अ ब स आदि लिखा जा सकता है)। कोई धार्मिक चिह्न, देवताओं के नाम, अनर्गल बातें, प्रश्नोत्तर से असंबंधित वाक्य, शब्द एवं अंक आदि भी न लिखें। ऐसा करने पर आयोग द्वारा इसे अनुचित साधन अपनाने का कृत्य माना जायेगा तथा अभ्यर्थी की संपूर्ण परीक्षा निरस्त की जाकर भविष्य में आयोजित की जाने वाली समस्त परीक्षाओं से विवर्जित करने की कार्यवाही की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा।

### IMPORTANT INSTRUCTIONS (महत्त्वपूर्ण निर्देश)

(A) It should be ensured that the Question-Answer Booklet is provided in sealed polythene to the candidate.
अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि अभ्यर्थी को प्रश्नोत्तर पुस्तिका सीलबंद पॉलिथीन में प्रदान की गई है।

(B) If the Question-Answer Booklet is torn or not printed properly or some pages are missing (Please count the number of pages) then bring it to notice of invigilator at once and change the Question-Answer booklet, otherwise the candidate will be liable for that.
यदि प्रश्नोत्तर पुस्तिका कहीं से कटी-फटी या अमुद्रित है या पृष्ठ कम हैं (कृपया पृष्ठ गिन लें) तो तुरन्त अभिजागर के ध्यान में ला दें तथा उसे बदलवा लें, अन्यथा उसका दायित्व अभ्यर्थी का होगा।

(C) Please fill up all desired details properly on Cover Sheet (OMR sheet) of Question-Answer Booklet with **Blue Ball Point Pen** before answering. The Commission may also deduct 5 marks from the marks obtained if Roll Number is not filled correctly on the Cover Sheet (OMR sheet).
प्रश्नोत्तर पुस्तिका में प्रश्न हल करने से पूर्व कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर. पत्रक) पर सभी वांछित विवरण **नीले बॉल पॉइंट पेन** से सावधानीपूर्वक भरें। कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर. पत्रक) पर रोल नम्बर का त्रुटिपूर्ण अंकन करने पर आयोग द्वारा प्राप्तांकों में से 5 अंक काटे भी जा सकते हैं।

(D) This Cover Sheet (OMR sheet) consists of Two parts, in which some information is pre-printed, remaining details have to be filled by the candidate. Please ensure that this Cover Sheet (OMR sheet) is not torn or damaged.
कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर. पत्रक) दो भागों में बंटा है, जिसमें कतिपय सूचनाएँ पूर्वमुद्रित हैं, शेष की पूर्ति अभ्यर्थी को करनी है। ध्यान रखें कि कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर. पत्रक) कहीं से कटे-फटे नहीं अथवा किसी भी प्रकार से क्षतिग्रस्त नहीं हो।

(E) The question paper is divided into different units/parts. The number of questions to be attempted and their marks are indicated in each unit and part.
प्रश्न-पत्र विभिन्न यूनिट/भागों में विभाजित है। प्रत्येक यूनिट एवं भाग में हल किये जाने वाले प्रश्नों की संख्या और उनके अंक उस यूनिट एवं भाग में अंकित हैं।

(F) If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English versions of the question, the **English version will be treated as standard.**
यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी या अंग्रेजी रूपान्तरों में से **अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा।**

(G) Attempt answers either in **Hindi or English,** not in both. For Language Papers, answer in concerned language and script, unless directed otherwise to write in Hindi or English specifically.
उत्तर **हिन्दी या अंग्रेजी** भाषा में से किसी एक में दीजिये, दोनों में नहीं। भाषा विषयक प्रश्नों के उत्तर उनकी संबद्ध भाषा व लिपि में ही दिए जाएँ, जब तक कि प्रश्न विशेष के लिए अलग से हिंदी या अंग्रेजी में उत्तर देने के लिए न लिखा गया हो।

(H) Candidates are directed to write answers only in the prescribed space of Question-Answer Booklet. They should not write answer outside the border line. Answer written outside the border line will not be checked.
अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि किसी भी प्रश्न का उत्तर प्रश्नोत्तर पुस्तिका में निर्धारित स्थान पर ही लिखें। बॉर्डर लाइन से बाहर उत्तर नहीं लिखें। बॉर्डर लाइन के बाहर लिखे गये उत्तर को जाँचा नहीं जायेगा।

(I) The candidates should not write the answers beyond the prescribed limit of words, failing this, marks may be deducted.
अभ्यर्थियों को उत्तर निर्धारित शब्द सीमा से अधिक नहीं लिखना चाहिए। इसका उल्लंघन करने पर अंक काटे जा सकते हैं।

(J) If there is a choice to attempt one question out of many and the candidate attempts more than one question then only first answer will be assessed.
यदि कई प्रश्नों में से कोई एक हल करने का विकल्प दिया गया है और परीक्षार्थी द्वारा एक से अधिक प्रश्न हल किये जाते हैं तो ऐसी स्थिति में प्रथम उत्तर ही जाँचा जायेगा।

(K) Mobile Phone, watch, smart watch or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited.
मोबाइल फोन, घड़ी, स्मार्ट वॉच या अन्य किसी भी इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।

**Warning :** If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted under **Rajasthan Public Examination (Measures for Prevention of Unfair means in Recruitment) Act, 2022,** other laws applicable and Commission's Regulations. Commission may also debar him/her permanently from all future examinations.

**चेतावनी :** अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए और **राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम अध्युपाय) अधिनियम, 2022 तथा अन्य प्रभावी कानून एवं आयोग के नियमों-प्रावधानों** के तहत कार्यवाही की जायेगी। साथ ही आयोग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

**Special Note :**
If there is any wrong information filled by the candidate or any attempt is made to damage the Question-Answer Booklet or any page is removed or any marking as identification is done, then his entire examination shall be cancelled by the Commission, for which candidate will be liable.

**विशेष नोट :**
अभ्यर्थी द्वारा यदि कोई गलत सूचना अंकित की जाती है या प्रश्नोत्तर पुस्तिका को किसी प्रकार की क्षति पहुँचाई जाती है अथवा कोई पृष्ठ फाड़ा जाता है या उस पर किसी प्रकार का पहचान चिह्न अंकित किया जाता है, तो आयोग द्वारा उसकी संपूर्ण परीक्षा निरस्त की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा।

SPACE FOR ROUGH WORK

# PAPER-IV : GENERAL HINDI & GENERAL ENGLISH

**Total Marks : 200**

**Total Questions : 56 + 34 = 90**

## यूनिट – I (120 अंक)

## सामान्य हिन्दी

### भाग – अ अंक : 50

**नोट :** (1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(2) भाग – अ के सभी प्रश्नों के लिए 1-1 अंक, भाग – ब के सभी प्रश्नों के लिए 10-10 अंक एवं भाग – स के प्रश्न के लिए 20 अंक निर्धारित हैं।

1. संधि कीजिए :

   समुद्र + ऊर्मि =

   समुद्रोर्मि

   1(One) (Q.H-01)

2. संधि कीजिए :

   परि + छेद =

   परिच्छेद

   1(One) (Q.H-02)

3. संधि-विच्छेद कीजिए :

   कुशासन =

   कुश + आसन

   1(One) (Q.H-03)

4. संधि-विच्छेद कीजिए :

   अन्वेषण =

   अनु + एषण

   1(One) (Q.H-04)

5. संधि-विच्छेद कीजिए :

महौदार्य =

महा + औदार्य

1(One)
(Q.H-05)

6. संधि-विच्छेद कीजिए :

वागीश =

वाक् + ईश

1(One)
(Q.H-06)

7. निम्नलिखित उपसर्ग के योग से दो शब्द बनाइए :

नि =

निदाघ (गर्मी), निदान, निहित, निपात

1(One)
(Q.H-07)

8. निम्नलिखित उपसर्ग के योग से दो शब्द बनाइए :

भर =

भरपूर, भरसक, भरपाई

1(One)
(Q.H-08)

9. निम्नलिखित शब्द से उपसर्ग पृथक् कीजिए :

पर्याप्त =

परि + आप्त

उपसर्ग

1(One)
(Q.H-09)

10. निम्नलिखित शब्द से उपसर्ग पृथक् कीजिए :

सद्गुरु =

सत् + गुरु
↓
उपसर्ग

1(One)
(Q.H-10)

11. निम्नलिखित प्रत्यय के योग से दो शब्द बनाइए :

ल =

तरल,

0 (Zero)
(Q.H-11)

12. निम्नलिखित प्रत्यय के योग से दो शब्द बनाइए :

या =

मृगया, [illegible],

~~चौसी + या = चुस्यिा~~; ~~कुटी + या = कुटिया~~

~~भरम + या = भरमाया~~, ~~सरक + या = सरकाया~~

~~खिसक + या = खिसकाया~~

0 (Zero)
(Q.H-12)

13. निम्नलिखित शब्द से प्रत्यय पृथक् कीजिए :

पाथेय =

पथ + एय प्रत्यय

1(One)
(Q.H-13)

14. निम्नलिखित शब्द से प्रत्यय पृथक् कीजिए :

करणीय =

कृ + अनीय → प्रत्यय

1(One)
(Q.H-14)

15. निम्नलिखित शब्द के दो पर्यायवाची लिखिए :

यमुना = अर्कजा, कालिंदी

1(One)
(Q.H-15)

16. निम्नलिखित शब्द के दो पर्यायवाची लिखिए :

मछली = मत्स्य, मीन, मकर, मष, झष

1(One)
(Q.H-16)

17. निम्नलिखित शब्द के दो पर्यायवाची लिखिए :

उद्देश्य = लक्ष्य, हेतु, प्रयोजन, निशाना,

1(One)
(Q.H-17)

18. निम्नलिखित शब्द के दो पर्यायवाची लिखिए :

अनशन = हड़ताल, व्रत, उपवास

0.5(Zero½)
(Q.H-18)

19. निम्नलिखित शब्द का विलोम लिखिए :

शालीन = दुश्शील

0 (Zero)
(Q.H-19)

20. निम्नलिखित शब्द का विलोम लिखिए :

गत = (i) भावी ✗
(ii) आगत

0 (Zero)
(Q.H-20)

21. निम्नलिखित शब्द का विलोम लिखिए :

अज्ञ = विज्ञ ✓

1(One)
(Q.H-21)

22. निम्नलिखित शब्द का विलोम लिखिए :

आर्ष = अनार्ष ✓

1(One)
(Q.H-22)

23. निम्नलिखित शब्द-युग्म का अर्थगत अंतर स्पष्ट कीजिए :

अरथी – अर्थी = अरथी = शवशय्या, टिकठी, शवयात्रा हेतु लाश को लिटाने की शय्या
अर्थी = इच्छुक; अर्थवाला ✗

0 (Zero)
(Q.H-23)

24. निम्नलिखित शब्द-युग्म का अर्थगत अंतर स्पष्ट कीजिए :

सर्ग – स्वर्ग = सर्ग = खंड, भाग (काव्य रचना का) ✗
स्वर्ग = जन्नत

0 (Zero)
(Q.H-24)

Paper-IV

25. निम्नलिखित शब्द–युग्म का अर्थगत अंतर स्पष्ट कीजिए :

कृपण – कृपाण = कृपण = कंजूस
कृपाण = तलवार, असि

1(One)
(Q.H-25)

26. निम्नलिखित शब्द–युग्म का अर्थगत अंतर स्पष्ट कीजिए :

अभिराम – अविराम = अभिराम = सुंदर
अविराम = बिना रुके, निरंतर

1(One)
(Q.H-26)

27. निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक सार्थक शब्द लिखिए :

किसी उक्ति को दोहराना = पुनरुक्ति, पिष्टपेषण

1(One)
(Q.H-27)

28. निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक सार्थक शब्द लिखिए :

व्याकरण–शास्त्र का ज्ञाता = वैयाकरण

1(One)
(Q.H-28)

29. निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक सार्थक शब्द लिखिए :

बच्चों से लेकर बूढ़ों तक = आबालवृद्ध

0 (Zero)
(Q.H-29)

30. निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक सार्थक शब्द लिखिए :

दूसरे का मुँह जोहने वाला =

परमुखापेक्षी

1(One)
(Q.H-30)

31. निम्नलिखित शब्द का शुद्ध रूप लिखिए :

लब्धप्रतिष्ठीत =

लब्धप्रतिष्ठ

0 (Zero)
(Q.H-31)

32. निम्नलिखित शब्द का शुद्ध रूप लिखिए :

अक्षुण्य =

अक्षुण्ण

1(One)
(Q.H-32)

33. निम्नलिखित शब्द का शुद्ध रूप लिखिए :

मिष्ठान्न =

मिष्टान्न

1(One)
(Q.H-33)

34. निम्नलिखित शब्द का शुद्ध रूप लिखिए :

अहिल्या =

अहल्या

1(One)
(Q.H-34)

0 (Zero) (Q.H-35)

35. निम्नलिखित वाक्य को शुद्ध कीजिए :

मक्खियाँ मधु कोष से निकालती हैं ।

मक्खियाँ कोष से मधु निकालती है।

1(One) (Q.H-36)

36. निम्नलिखित वाक्य को शुद्ध कीजिए :

शान्तिकाल में सैनिकों को भुलाया नहीं जाएगा ।

शांतिकाल में सैनिकों को भूला नहीं जाएगा।

0 (Zero) (Q.H-37)

37. निम्नलिखित वाक्य को शुद्ध कीजिए :

अश्वमेध यज्ञ का घोड़ा पकड़ा गया ।

अश्वमेध का घोड़ा पकड़ा गया।

1(One) (Q.H-38)

38. निम्नलिखित वाक्य को शुद्ध कीजिए :

वह पेट के लिए नाक घिसता फिरता है ।

वह पेट के लिए नाक रगड़ता फिरता है।

39. निम्नलिखित मुहावरे का वाक्य में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि अर्थ स्पष्ट हो जाए :

तीन-तेरह करना =

पहले तो उसने मुझसे पैसे उधार ले लिए, अब देने की बात आई तो तीन तेरह कर रहा है।

0 (Zero) (Q.H-39)

40. निम्नलिखित मुहावरे का वाक्य में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि अर्थ स्पष्ट हो जाए :

आँखों में खून उतरना =

जब रोहित ने अपने पिताजी के लिए अपशब्द सुने तो उसकी आँखों में खून उतर आया और वह मोहित को मारने के लिए लपका।

0 (Zero) (Q.H-40)

41. निम्नलिखित मुहावरे का वाक्य में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि अर्थ स्पष्ट हो जाए :

बुलबुल पालना =

सुरेश ने श्याम से कहा कि यार, तुमने ये कैसी बुलबुल पाल ली है, जब देखो इसी के नखरे में लगे रहते हो।

0 (Zero) (Q.H-41)

42. निम्नलिखित मुहावरे का वाक्य में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि अर्थ स्पष्ट हो जाए :

नाम चमकना =

अवनि लेखरा और नीरज चोपड़ा के उत्कृष्ट प्रदर्शन की बदौलत ही खेल के क्षेत्र में भारत का नाम चमक रहा है।

0.75(Zero¾) (Q.H-42)

43. निम्नलिखित लोकोक्ति का वाक्य में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि अर्थ स्पष्ट हो जाए :

ख़रबूज़े को देखकर ख़रबूज़ा रंग बदलता है।

0.75(Zero¾) (Q.H-43)

उमेश तो इतना आलसी नहीं था, उसको क्या हुआ, क्या वह भी अन्य कर्मचारियों की साथ रहकर आलसी हो गया, पर सही है खरबूजे को देखकर खरबूजा रंग बदलता है।

?

44. निम्नलिखित लोकोक्ति का वाक्य में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि अर्थ स्पष्ट हो जाए :

नाचे-कूदे बानरा, माल मदारी खाय। → मेहनत किसी की, लाभ कोई कमाए। 0 (Zero)

(Q.H-44)

① सारे मज़दूर और किसान हाड़तोड़ मेहनत करके फसल उगाते हैं पर सारा का सारा लाभ तो आढ़तिये ले उड़ते हैं, यह तो वही हुआ, नाचे कूदे बानरा, माल मदारी खाय।

② मेहनत तो सारे कार्मिक करते हैं और सारी तारीफ उच्चाधिकारियों को मिलती है, यह तो वही हुआ कि नाचे कूदे बानरा, माल मदारी खाय।

45. निम्नलिखित लोकोक्ति का वाक्य में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि अर्थ स्पष्ट हो जाए :

खाक डाले चाँद नहीं छिपता।

सुरेश और रोहित जब देखो उस सज्जन व विनीत राधेश्याम की बुराई करते रहते हैं पर इससे कुछ फर्क नहीं पड़ने वाला क्योंकि खाक डाले कभी चाँद नहीं छुपता। 0.5(Zero½)

(Q.H-45)

0.5(Zero½)

(Q.H-46)

46. निम्नलिखित लोकोक्ति का वाक्य में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि अर्थ स्पष्ट हो जाए :

बोवै पेड़ बबूल का आम कहाँ से पाय।

रहमान ने पहले तो पूरे वर्ष भर पढ़ाई नहीं की और अब फेल हो गया तो असलम ने उससे कहा कि तूने कर्म ही ऐसे ही किए हैं, बोए पेड़ बबूल का तो आम कहाँ से पाय।

47. निम्नलिखित पारिभाषिक शब्द का समानार्थक हिंदी पारिभाषिक शब्द लिखिए : 1 (One)

(Q.H-47)

HEREDITARY =

आनुवंशिक, पीढ़ीगत,

48. निम्नलिखित पारिभाषिक शब्द का समानार्थक हिंदी पारिभाषिक शब्द लिखिए :
CONSIGNMENT =

प्रेषित माल , खेप

0 (Zero)
(Q.H-48)

49. निम्नलिखित पारिभाषिक शब्द का समानार्थक हिंदी पारिभाषिक शब्द लिखिए :
LEXICOGRAPHY =

शब्दकोश -शास्त्र

0 (Zero)
(Q.H-49)

50. निम्नलिखित पारिभाषिक शब्द का समानार्थक हिंदी पारिभाषिक शब्द लिखिए :
NON-FORMAL EDUCATION =

अनौपचारिक शिक्षा

1(One)
(Q.H-50)

**Do Not Write Here**

यहाँ कुछ नहीं लिखें

Paper-IV

यूनिट – I / भाग – ब

अंक : 50

51. निम्नलिखित अवतरण का उचित शीर्षक देते हुए लगभग एक–तिहाई शब्दों में संक्षिप्तीकरण कीजिए : अंक 10

पानी के बहाव की गति में कमी होने के कारण वन अपरदन को बहुत कुछ रोकते हैं । पेड़–पौधों की जड़ों द्वारा मिट्टी को पकड़े रहने के कारण भी अपरदन में बहुत कमी हो जाती है । वनों से मिट्टी की उर्वरता बढ़ जाती है । कार्बनिक पदार्थों के सड़ने–गलने से वानस्पतिक पदार्थ मिट्टी में मिल जाते हैं, जिससे मिट्टी में ह्यूमस की मात्रा बढ़ जाती है । वानस्पतिक पदार्थों में अकार्बनिक खाद भी रहती है, जो मिट्टी में मिल जाती है । यह खाद वस्तुतः पेड़–पौधों की जड़ों द्वारा बहुत गहरी मिट्टी से लाकर पत्तियों में इकट्ठा होती है, जिनके सड़ने पर वह पुनः सतह की मिट्टी में मिलकर उसकी उर्वरता को बढ़ाती है । वनों का स्वास्थ्य पर अच्छा प्रभाव पड़ता है । वनों की वायु शुद्ध रहती है तथा उसमें धुआँ, हानिकारक गैसें और धूल के कण बहुत कम रहते हैं । यहाँ की वायु में जीवाणु भी तेईस से अट्ठाईस प्रतिशत कम रहते हैं । ये पेड़–पौधों की पत्तियों द्वारा छन जाते हैं और सूर्य की धूप से नष्ट हो जाते हैं । यह देखा गया है कि वनों के निकट गाँवों में हैज़ा और टायफाइड ज्वर बहुत कम होता है । यही कारण है कि सैनिकों के शिविर जंगलों के आसपास ही स्थापित किये जाते हैं ।

वनों के लाभ / वनों का महत्त्व

1.5(One½) (Q.H-51)

वन मृदा अपरदन रोकने, मृदा की उर्वरता बढ़ाने, वायु को शुद्ध एवं जीवाणुरहित/जीवाणुओं की संख्या कम करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वनों से स्वास्थ्य लाभ यथा हैजा व टायफाइड के प्रसार में कमी आदि भी होते हैं। इसी कारण सैन्य शिविर वनीय क्षेत्रों में या उनके आसपास बनाए जाते हैं।

2.5(Two½) (Q.H-51)

शब्द = लगभग 35

52. निम्नलिखित का भाव विस्तार कीजिए : (शब्द सीमा : लगभग 100 शब्द) अंक 10

'मित्रता की कसौटी विपत्ति है।'

मित्रता की कसौटी विपत्ति है

किसी भी दोस्त की दोस्ती कितनी सच्ची या गहरी है, इसकी क्या कसौटी होनी चाहिए? वह आपसे कितने समय से परिचित है यह, या उसका आपके प्रति व आपका उसके प्रति लगाव या फिर कुछ और? यदि सोने को परखने के लिए कसौटी है तो दोस्त को परखने की कसौटी क्या हो सकती है?

इस संबंध में जान लेना जरूरी है कि अन्य सभी परिस्थितियों में तो कोई भी आपके काम आ जाएगा परंतु सच्चा दोस्त वह है जो तब भी आपका साथ न छोड़े और मदद करे जब आपके पास मदद करने वाला और कोई भी न हो तथा आप गहरी विपदा में फँसे हों।

इसी अर्थ को अभिव्यंजित करने वाला तुलसीदास जी का भी एक दोहा है—

2(Two)
(Q.H-52)

" धीरज धरम मित्र अरु नारि
आपत काल परखिए चारि " अर्थात् व्यक्ति के धैर्य, नैतिकता/ईमानदारी की ही तरह दोस्ती की परख भी विपदा के समय ही अच्छे से हो सकती है। इसी प्रकार, अंग्रेज़ी में भी एक कहावत प्रचलित है- A friend in need is a friend indeed. अर्थात् वही दोस्त सच्चा दोस्त है जो विपदा के समय काम आ सके। वैसे 'फेयर वैदर फ्रैंड' तो बहुतेरे मिल सकते हैं परंतु 'ऑल वैदर फ्रैंड' का मिलना बहुत सौभाग्य की बात है तथा ऐसा दोस्त ही सच्चा दोस्त कहलाने का हकदार है।

अतः मित्रता और मित्रों को परखने का सही समय संपदा की स्थिति नहीं है क्योंकि उस समय तो कोई भी साथ दे देगा। सच्ची मित्रता तो वो होती है जिसमें दोनों पक्ष एक-दूसरे के लिए सर्वस्व न्योछावर करने को उद्यत रहते हैं। इसीलिए, मित्रता की कसौटी, विपत्ति है।

53. केन्द्र सरकार द्वारा प्रवर्तित आयुष्मान् भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना 'निरामयम' से अधिकतम नागरिक लाभान्वित हो सकें, इस हेतु अधिकाधिक आयुष्मान् भारत कार्ड बनाने के लिए के. कुमार, संयुक्त सचिव, भारत सरकार, स्वास्थ्य मंत्रालय, नयी दिल्ली की ओर से श्री पी. सिंह, सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर को एक अर्द्धशासकीय पत्र लिखिए। अंक 10

के. कुमार
संयुक्त सचिव भारत सरकार

स्वास्थ्य मंत्रालय, नई दिल्ली
अ.शासकीय प.क्र.: एफ.12(1)/अश/आयुष्मान/2024/12 ×

?

दिनांक : 21 जुलाई, 2024

विषय :- आयुष्मान् भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना 'निरामयम' हेतु अधिकाधिक आयुष्मान कार्ड बनाने के संबंध में।

प्रिय पी. सिंह,

जैसा कि आपको विदित है, स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सार्वजनिक स्वास्थ्य का स्तर सुधारने हेतु आयुष्मान् भारत योजना के तहत गत माह ही 'आयुष्मान् भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना 'निरामयम' का शुभारंभ किया गया है। इस योजना का लाभार्थी होने के लिए आवश्यक शर्त है कि उस नागरिक के पास आयुष्मान् भारत कार्ड होना चाहिए। अतः अधिकाधिक नागरिकों तक 'निरामयम' योजना का लाभ पहुँचाने के लिए आयुष्मान

भारत कार्ड बनाए जाने की गति को बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है।

राजस्थान राज्य में अभी भी 17% परिवार ऐसे हैं जिनको अभी तक योजना के तहत पंजीकृत करके आयुष्मान कार्ड नहीं बनवाए गए हैं। अतः स्वास्थ्य बीमा कवरेज के सार्वभौमिकीकरण तथा प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना 'निरामयम्' की सफलता हेतु आयुष्मान कार्ड बनाना अत्यंत जरूरी है। आप इस ओर व्यक्तिशः ध्यान देकर शेष रहे पात्र नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनवाया जाना सुनिश्चित करें तथा प्रगति रिपोर्ट भिजवाएँ।

मुझे गत माह ही सूचना मिली है कि आपका सचिव पद के लिए एंपैनलमेंट हुआ है, अस्तु आपको बहुत-बहुत शुभकामनाएँ।

मंगलकामनाओं सहित,

शुभेच्छु,

(के. कुमार) → हस्ताक्षर

(के. कुमार)

4.5(Four½)
(Q.H-53)

?

श्री पी. सिंह
सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
राजस्थान सरकार, जयपुर

से रेखांकित पद प्रेषक द्वारा ...

54. सचिव, गृह विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर की ओर से जारी अधिसूचना का प्रारूप निर्मित कीजिए, जिसमें घूघरा घाटी, अजमेर में अस्थायी थाना सृजित किये जाने का उल्लेख हो। अंक 10

राजस्थान सरकार
गृह विभाग
शासन सचिवालय

प.क्र.: एफ13(1)/गृह/नव/थाना/2024-25/29 जयपुर, दिनांक: 21 जुलाई, 2024

अधिसूचना

राजस्थान पुलिस अधिनियम के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्यपाल महोदय यह अधिसूचना जारी करते हैं कि अजमेर के घूघरा घाटी में एक अस्थायी थाना स्थापित किया ? जाएगा। इस थाने का कार्य-क्षेत्र यथासमय अधिसूचित किया जाएगा तथा यह थाना एक वर्ष की अवधि के बाद स्वतः हटाया गया समझा जाएगा ? यदि इससे पूर्व ही इसकी अवधि को बढ़ा नहीं दिया जाता है। यह अधिसूचना राजपत्र में इसके प्रकाशन की तिथि से प्रवृत्त होगी तथा 1 वर्ष की अवधि तक या आगामी आदेशों तक प्रवृत्त रहेगी।

राज्यपाल महोदय की आज्ञा से

अबस

(अ ब स)

सचिव, गृह विभाग

प.क्र.: एफ13(1)/गृह/नव/थाना/2024/30- दिनांक: 21 जुलाई, 2024

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु→

1. निजी सचिव, माननीय राज्यपाल महोदय
2. निजी सचिव, माननीय गृह मंत्री महोदय
3. निजी सचिव, माननीय गृह राज्य मंत्री महोदय
4. पुलिस अधीक्षक, ज़िला - अजमेर को प्रतिलिपि प्रेषित कर लेख है कि यथाशीघ्र इस थाने का कार्यक्षेत्र निर्धारित कर सूचना उपलब्ध कराएँ।
5. अधीक्षक, केंद्रीय मुद्रणालय, जयपुर को प्रतिलिपि प्रेषित कर लेख है कि इस अधिसूचना को राजपत्र के असाधारण भाग में प्रकाशित करवाकर 10 प्रतिलिपियाँ (हार्डकॉपी) व सॉफ्टकॉपी भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।
6. रक्षित पत्रावली

राज्यपाल महोदय की आज्ञा से

कखग

(क ख ग)

संयुक्त सचिव

गृह विभाग

3(Three)

(Q.H-54)

55. निम्नलिखित अनुच्छेद का हिन्दी में अनुवाद कीजिए : **अंक 10**

Each individual creature on this beautiful planet is created by God to fulfil a particular role. Whatever I have achieved in life is through His help, and an expression of His will. He showered His grace on me through some outstanding teachers and colleagues, and when I pay my tributes to these fine persons, I am merely praising His glory. All these rockets and missiles are His work through a small person called Kalam, in order to tell the several-million mass of India to never feel small or helpless.

इस सुंदर ग्रह पर प्रत्येक प्राणी की रचना/सृष्टि ईश्वर ने एक विशिष्ट भूमिका निभाने के लिए की है। मैंने जीवन में जो कुछ भी हासिल किया है, वह उसकी (भगवान की) सहायता से किया है और वह उसकी इच्छा की अभिव्यक्ति है। उसने मुझ पर अपनी दया की बरसात कुछ उत्कृष्ट शिक्षकों और सहकर्मियों के माध्यम से की है, और जब मैं इन उत्तम व्यक्तियों को अपनी श्रद्धांजलि/धन्यवाद अर्पित करता हूँ, तब मैं उसकी (भगवान की) महिमा की ही प्रशंसा कर रहा होता हूँ।

~~सारे रॉकेट और मिसाइलें एक तुच्छ/छोटे व्यक्ति कलाम के माध्यम से~~

ये सारे रॉकेट और मिसाइलें, भारत के करोड़ों लोगों को कभी भी स्वयं को तुच्छ व असहाय न समझने की सीख देने के लिए एक तुच्छ व्यक्ति कलाम के माध्यम से किए गए उसके कार्य हैं। / की गई उसकी रचनाएँ हैं।

4(Four)
(Q.H-55)

यूनिट – I / भाग – स अंक : 20

56. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए : (शब्द सीमा : लगभग 250 शब्द) अंक 20

(1) राजस्थान की खनिज सम्पदा

(2) राष्ट्रीय शिक्षा नीति में कौशल विकास

(3) प्रौद्योगिकी से मानव–शक्ति का विस्थापन

## प्रौद्योगिकी से मानव शक्ति का विस्थापन

मानवीय समाज में जब-जब कोई बदलाव हुआ है, उसने मानव सभ्यता के समक्ष नई-नई चुनौतियाँ प्रस्तुत की हैं। विज्ञान एवं तकनीक का विकास भी ऐसी ही एक महत्वपूर्ण और अत्यंत तेज़ी से बदलाव लाने वाली घटना है। इससे मानव सभ्यता को अनेक फायदे हुए हैं परंतु इसने अनेक चुनौतियाँ पैदा कर दी हैं। हानिकारक रसायन, विध्वंसक हथियार, सूचना प्रौद्योगिकी द्वारा साइबर आतंकवाद आदि के साथ-साथ इसने मानव जाति के समक्ष बेरोज़गारी का खतरा नए सिरे से पैदा किया है।

जब प्रौद्योगिकी का विकास होता है तो यह मानव जीवन को सरल बनाने के उद्देश्य से होता है। इसी क्रम में यह अनेक कार्यों को करना

न केवल सरल बनाती है बल्कि मानव श्रम की आवश्यकता को भी समाप्त कर देती है। इससे यह लगने लगता है कि प्रौद्योगिकी मानव के वास्तविक हितों के विरुद्ध है तथा इसी कारण नई तकनीक का विरोध भी होता है।

जब औद्योगिक क्रांति के समय स्पिनिंग जेनी का आविष्कार हुआ तो यह कई श्रमिकों के बराबर काम कर सकती थी, इससे उन श्रमिकों को बेरोज़गार होना पड़ा। इसी प्रकार, जब कंप्यूटर आए तो इसने अनेक क्लर्कों का काम एक क्लर्क द्वारा किया जाना संभव बना दिया। अभी अभी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उदय ने तो इस संकट की गंभीरता को और भी अधिक बढ़ा दिया है।

आज ए.आई. (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के माध्यम से कोडिंग करने, कविता व कहानी लिखने से लेकर चिकित्सीय निदान व ऑपरेशन करने जैसे काम भी आसानी से किए जा सकते हैं। इसी प्रकार, रोबोटिक्स और ऑटोमेशन तकनीकों से भी मानव श्रम का विस्थापन किया है।

हालांकि, ऐसा नहीं है कि ~~समग्र रूप से~~ प्रौद्योगिकी ने समग्र रूप से बेरोजगारी बढ़ाई है। क्योंकि जब नई तकनीक आती है तो मानव श्रमशक्ति का केवल विस्थापन होता है विलोपन (extinction) नहीं। प्रौद्योगिकी

7(Seven)
(Q.H-56)

के आगमन के बाद रोज़गारों की प्रकृति में बदलाव आ जाते हैं परंतु केवल वही लोग प्रौद्योगिकी की इस बाढ़ को पार कर सकते हैं जिनके पास नवीन कौशलों रूपी नाव हो अर्थात प्रौद्योगिकी के व्यापक लाभों को देखते हुए इसको दरकिनार भी नहीं किया जा सकता। मानव, कौशल विकास तथा प्रौद्योगिकी पर मानवीय नियंत्रण द्वारा इस बेरोजगारी से पार पा सकता है।

"विज्ञान अच्छा सेवक है परंतु बुरा स्वामी है।"

अर्थात प्रौद्योगिकी को यदि पूरी तरह अनियंत्रित छोड़ दिया जाए तो यह पूरी मानव सभ्यता के विनाश का कारण बन सकती है तथा इसे एक सेवक के रूप में इस्तेमाल करना ही इससे बचने का एकमात्र रास्ता है।

तकनीक ने मानव के जीवन को नए प्रकाश से पूरित किया है। जितना उजाला बल्ब के आविष्कार ने किया, जितना जीवन को सरल कंप्यूटर ने बनाया, पहले के किसी दिए न तो उतना उजाला किया था और न किसी व्यक्ति ने जीवन को इतना सरल बनाया था।

मानव सभ्यता ने जंगलों में निवास से लेकर आज तक की यात्रा बहुत जज़्बे और जीवट से तय की है तथा अनेक बाधाओं से पार पाई है, अतः प्रौद्योगिकी पर मानवीय नियंत्रण के माध्यम से मानव जाति श्रमविस्थापन की इस समस्या से भी निपट ही लेगी।

Unit – II

(80 Marks)

General English

Part – A

Marks : 20

**Note :** Attempt **all** questions. Each question carries **1** mark.

(A) Identify the error in the following sentences (Q. No. **1-10**) and rewrite the grammatically correct sentences :

1. There is a great deal much than meets the eye.

There is a great deal more than meets the eye.

1(One)
(Q.E-01)

2. One of the girl hurt herself climbing out of the window.

One of the girls hurt herself climbing out of the window.

1(One)
(Q.E-02)

3. Her loud cries woked me up at about midnight.

Her loud cries woke me up at about midnight.

1(One)
(Q.E-03)

4. He related several details connecting with the accident.

He related several details connected with the accident.

1(One)
(Q.E-04)

5. Although there are some semilarities in the personalities of the twins, the differences among them are considerable.

Although there are some similarities in the personalities of the twins, the differences between them are considerable.

1(One)
(Q.E-05)

6. He used rather harsh words denouncing her, but he can have had some very strong reason for doing it.

He used rather harsh words denouncing her, but he could have had some very strong reasons for doing it.

0 (Zero)
(Q.E-06)

7. He was requested to be given her some money.

He was requested to give her some money.

OR He was requested to let some money be given to her.

0.5(Zero½)
(Q.E-07)

8. When at last we got to the theatre the play was already begun.

At last, when we got into the theatre the play had already begun

OR When at last we got to the theatre the play had already begun

0.5(Zero½)
(Q.E-08)

9. Having being taught from childhood to respect his elders he grew up to be humble and gentle.

Having been taught from childhood to respect his elders he grew up to be humble and gentle.

1(One)
(Q.E-09)

10. Will you mind waiting a minute ?

Would you mind waiting a minute?

1(One)
(Q.E-10)

(B) Choose the word similar in meaning. (Q. No. 11-12)

11. Heresy :

unorthodox opinion / strong belief

Unorthodox opinion

1(One)
(Q.E-11)

12. Iniquity :

grossly unfair / foolishness

Grossly unfair

1(One) (Q.E-12)

(C) Choose the word opposite in meaning. (Q. No. **13-14**)

13. Apposite :

irrelevant / impertinent

Impertinent

0 (Zero) (Q.E-13)

14. Specious :

trustworthy / plausible

Plausible

0 (Zero) (Q.E-14)

(D) Rewrite choosing the appropriate expression to form a meaningful sentence. (Q. No. **15-16**)

15. If you have any proof of that allegation, I advice you to lay it before / lay it by the police.

If you have any proof of that allegation, I advice you to lay it before the police.

1(One) (Q.E-15)

16. I think we're talking at cross-eyed / cross purposes; that's not what I meant at all.

I think we're talking at cross-purposes, that's not what I meant at all.

0.75(Zero¾)
(Q.E-16)

(E) Selecting the correct phrase/word, rewrite the following sentences : (Q. No. **17-18**)

17. Radiation from the sun is attenuated / extenuated by the earth's atmosphere.

Radiation from the sun is attenuated by the earth's atmosphere.

1(One)
(Q.E-17)

18. In the temple incense / insense burned filling the air with fragrant haze.

In the temple incense burned filling the air with fragrant haze

1(One)
(Q.E-18)

(F) Write a one word substitute for the following expressions : (Q. No. **19-20**)

19. A group of people with similar interests, often within a large organisation.

Association, Federation

0 (Zero)
(Q.E-19)

20. A position requiring little or no work but giving the holder status / financial benefits.

Honorary, Emiritus

0 (Zero)
(Q.E-20)

## Unit – II / Part – B

**Marks : 30**

**Note :-** Attempt **all** the questions. Marks of each question are indicated.

(A) Read the passage given below and answer the questions that follow : (Q. No. **21-25**)

**Marks : 5 × 2 = 10**

In everyday speech, we talk of having a good memory, of having a poor memory, of having a better memory for faces than for names, of having a memory that is failing, and so on. Such talk suggests that memory is an object, a thing which we possess in the same way as we possess a head or a big toe. Yet it is true, although alarming, to say that there is no such thing as memory. A big toe can be seen and touched, but not so memory. Should an acquaintance boast of having an excellent memory, we cannot confirm his claim in the same way as if he boasted the possession of a well-stocked library. We cannot ask him to show us his memory. What we could do, however, is to let him read the page of a book, then have him close the book and try to recite what he has just read. If he reels off the page verbatim, we conclude that his claim, is, at the least, not without foundation. But we have not observed anything which could be called a memory. We have given him an opportunity to learn something and then to demonstrate how well he remembers it. We have not examined anything which he has, but have watched him doing something, namely, repeating or trying to repeat something he has read. In short, we have concerned ourselves not with an object but with an activity, not with his memory but with his activity of remembering.

21. What is the popular belief about memory ?

The popular belief about memory is that memory is like an object which we can possess or not possess like any other thing.

1(One)
(Q.E-21)

22. What example does the writer give to support the statement that 'there is no such thing as memory' ?

0(Zero)
(Q.E-22)

The writer gives the example of giving someone one page to ~~remeber~~ remember it and than check his remembering power to support his statement that there is no such thing as memory because we have ~~just~~ only observed the activity of remembering, not the memory.

23. How does the writer distinguish between the terms 'memory' and 'remembering' ?

Writer distinguishes between memory and remembering by giving the example of a person who recites a page verbatim read by him But this only suggests that we're ~~but~~ just concerned ourselves with an activity (~~so~~ of remembering) not an Object (memory).

1.75(One¾)
(Q.E-23)

24. What is the meaning of the word 'Verbatim' ? (line – 15)

① Word for word
② exactly in same order as written on the book

2(Two) (Q.E-24)

25. Do you agree with the author's distinction between 'memory' and 'remembering' ? Why ?

Yes, I agree with the author's distinction between 'memory' and 'remembering' because the remembering is just an activity which can be seen but memory is abstract concept which can only be inferred by someone's capacity to remembering. However, for general parlance, both of these are used alternatively.

1(One) (Q.E-25)

Marks

(B) Translate the following sentences into English : (Q. No. 26-30) 5×2=10

26. सामाजिक न्याय एक गूढ़ संकल्पना है जिसमें मूल्यपरक निर्णय अन्तर्वलित हैं ।

Social justice is a deep concept which involves value-based decisions.

1.25(One¼) (Q.E-26)

27. विकास की त्वरित गति का परिणाम संसाधनों, जैव वैभिन्य आदि का अवक्षय है और इससे ब्रह्माण्डीय अस्तित्व को खतरा उत्पन्न हो गया है।

The result of accelerated speed of development is the degradation ~~/~~ depletion of resources, bio-diversity etc. and this has caused danger to the existence of universe.

1.5(One½) (Q.E-27)

28. वस्तुतः मैं अपनी कलम के माध्यम से सोचता हूँ क्योंकि मेरे मस्तिष्क को तो बहुधा पता ही नहीं होता कि मेरे हाथ क्या लिख रहे हैं।

In fact, I think through my pen because at times, my mind does not even know what ~~my~~ hands are writing.

1.25(One¼) (Q.E-28)

29. विचारक एक नक्शा नवीस जैसा होता है, नक्शा नवीस के समान उसका ध्येय भी वस्तुओं के सभी अन्तः-सम्बन्धों का निरूपण करना है।

A thinker is like a cartographer, his aim is also expressing all inter-connections/relations of objects similarly as cartographer.

1.5(One½) (Q.E-29)

30. अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता लोकतांत्रिक और स्वतन्त्र समाज में सबसे महत्वपूर्ण स्वतन्त्रता है क्योंकि यह सभी स्वतन्त्रताओं की आधारशिला है।

Freedom of expression is the most important freedom in a democratic and independent society because it is the corner stone / foundation stone of all liberties.

1.75(One¾) (Q.E-30)

Marks

(C) Make a précis of the following passage in about one-third of its length : 10

31. Today there are few Indians, whatever their creed, who do not look back with pride on their ancient culture, and there are few intelligent Indians who are not willing to sacrifice some of its effete elements so that India may develop and progress. Politically and economically India faces many problems of great difficulty, and no one can forecast her future with any certainty. But it is safe to predict that, whatever the future may be, the Indians of coming generations will not be unconvincing and self-conscious copies of Europeans, but will be men rooted in their traditions, and aware of the continuity of their culture. Already, after only seven years of independence, the extremes of national self-denigration and fanatical cultural chauvinism are disappearing. We believe that Hindu civilization is in the act of performing its most spectacular feat of synthesis. In the past it has received, adapted and digested elements of many different cultures – Indo-European, Mesopotamian, Iranian, Greek, Roman, Scythian, Turkish, Persian and Arab. With each new influence it has somewhat changed. Now it is well on the way to assimilating the culture of the West.

**(200 words)**

Today every Indian ~~wants~~ takes pride on ancient culture and some very important elements. Indians are not just blindly copying the culture of Europeans But inculcating the good features of western culture into Indian culture to create a continuity of culture. The Hindu society is synthecizing the western culture into it and now it is assimilating the western culture into its traditional culture.

words → 55

4.5(Four½)
(Q.E-31)

**Unit – II / Part – C** **Marks : 30**

**Note :-** Attempt **all** questions. Each question carries **10** marks.

**Marks**

32. Write a paragraph on any **one** of the following in approximately **200** words : 10

(1) Geopolitical Tensions : Implications for Regional Stability

(2) Mass Surveillance and Private Rights

(3) ~~Social Media and Interpersonal Relationships~~

Mass surveillance and Private Rights

Yuval Noah Harari in his recent book highlighted the dangers which are hanging on the neck of human civilization. He considered 'Mass surveillance' as ~~the~~ one of the biggest threat to personal autonomy and privacy.

Mass surveillance is a method of viewing everything what every individual is doing, studying, buying, playing or driving. The arise of big techs and artificial intelligence has made this problem severe. Today, whatever we search on internet, we find. But we, at times, do not even think that we are creating a digital footprint ~~ca~~ which will allow the

the big techs and governments to know our interests and shows us the targeted ads, affecting our choices. We can not, in today's era, be sure that whatever we are thinking is our own. It may be designed ~~to~~ to make us think us that way.

The other facet of mass surveillance is visible by the rise in the number of CCTV cameras at almost every place, every activity of us is being watched. This fear of being watched is dangerous for a democratic society, in which every individual lives in fear. His private rights are severely affected.

In this way, the mass surveillance is ~~a~~ one of the biggest danger for the personal rights, privacy and his liberties.

2.5(Two½)
(Q.E-32)

Marks

33. Elaborate any **one** of the following themes in approximately **150** words : 10

(1) Why work abroad ?

(2) Impact of Artificial Intelligence on Human life

(3) Well begun is Half Done

Well Begun is half done

When one starts the journey towards his/her target, he must have his energy levels very high. The good start does this work of giving energy and motivation to keep going. This saying underlines the importance of a good start. When a person starts his journey very well, the possibility of success and achieving the targets increases manifold. So even if the work has just started and numerically a small portion of it is completed in a good manner, it is equivalent to

~~~~ reaching half way on the path towards success.

Some persons do not even start the journey due to ~~~~ fear of failure. For such persons, there is a saying — "Cowards die many times before death". ?

However, only the good start can not guarantee the success. So one must always keep in mind that this is just the beginning and he should take positively But ~~~~ should not become overconfident because if he becomes overconfident and complascent the success starts walking away from him.

3(Three)
(Q.E-33)

So this saying gives the motivation as well as caution that, a good start ~~~~ can only not give success as evident from the story of rabbit and tortoise. ~~~~ Therefore, one should try very hard to make the begging very graecious and great, because ~~~~ well begun is half done.
~~~~

Marks

34. Write a letter of resignation to your employer justifying your intent. 10

**OR**

Write a report to the Minister, Urban Development Authority, State of Rajasthan, critically evaluating the unplanned urban growth in the State.

(150 words)

XYZ
Jaipur
21 July, 2024

Director
Infonet-Central Service Suppliers
Barkat Nagar, Jaipur

Subject : Regarding resigning from my present post.

Dear sir,
I hope this letter finds you in good health and high spirits, and also the company would be doing good. I am writing this letter to convey you my decision of resigning from my present post of Chief Product Manager in Infonet Central service suppliers.

Taking this decision of leaving a organisation which has very important role in my life and career growth was not easy But since last 2-3 months, I have been thinking about my career growth in some other sector as this sector is soon going to diminish with the advent of A.I. So I've decided to chart a new career path in the educational management field.

I wish best luck for all the success of Infonet-Central and its employees. You and your guidance have been immensely useful in my ~~becoming~~ personality.

Thanking You,

Yours truly
XYZ
Chief Product Manager
Infonet-Central Service Suppliers

5.5(Five½)
(Q.E-34)

— [illegible]

[illegible]

मान[illegible]

{विज्ञान यदि है तलवार तो [illegible] के हाथ मानव}

विज्ञान अच्छा सेवक हो सकता है अच्छा मालिक नहीं

11, 12, [illegible]